53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.2°c
अधिकतम 33.7 °c

**अमृतवाणी**

उस इंसान से कभी झूठ मत बोलिए जिसे आपके झूठ पर भी विश्वास हो।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606

संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:26, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 189 | बृहस्पतिवार, 10 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे : योगी



ऐसे तत्वों का संरक्षण करने वाले भी फड़फड़ा रहे हैं......



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 189 | बृहस्पतिवार, 10 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये



## वायु सेना का जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट की मौत

**नयी दिल्ली 09 जुलाई (वार्ता)** भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान बुधवार दोपहर राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गयी। वायु सेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उडान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गयी। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायु सेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा , '' भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान आज राजस्थान के चुरू के पास नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गयी। किसी भी नागरिक संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है। भारतीय वायुसेना इस दुखद घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करती है और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की गई है।'' इस विमान ने सूरतगढ एयरबेस से उडान भरी थी। इस वर्ष जगुआर विमान की यह तीसरी दुर्घटना है। इससे पहले मार्च और अप्रैल में भी एक-एक जगुआर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।



# देर रात बारिश का कहर, फिर डूबा शहर

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** बुधवार को शाम 4 बजे के बाद एकाएक आई जोरदार बारिश ने फिर एक बार विकास की पोल तो खोल ही दी मगर इस बात को बार-बार दोहराने से कोई लाभ ही नहीं है। हालांकि जनता अब नेताओं को खुलेआम कोसने लगी है मगर हाथोंहाथ कोई इंतजाम नहीं हो सकते, इसलिए जलभराव का समाधान अभी न किसी नगर पालिका के पास दिखाई देता और न ही किसी अन्य नेता अथवा विभाग के पास। शाम चार बजे के बाद सिर्फ 20 मिनट में ही घरों व दुकानों के अंदर पानी भर गया और दुकानों में नीचे रखा दुकान फिर एक बार बहता दिखाई दिया। इससे पहले की बारिश में भी यही हाल था और अगर आगे कोई बारिश आई तो उसमें भी शहर का यही हाल दिखेगा। शाम चार बजे के बाद लगभग सवा घंटे चली बारिश के बाद फिर एक बार रात में 10 बजे हुई ताबड़तोड़ बारिश ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। घरों, दुकानों, मकानों, गलियों की नालियां नाले की तरह चलती दिखाई दी। एक ओर शिवचौक व साकेत कॉलोनी में जलभराव में चौपहिया वाहन तैरते दिखाई दिये। दुपहिया वाहनों में साइलेंसर में पानी भर जाने के कारण लोग अपने घरों की ओर देर रात में वाहन खींचकर ले जाते दिखाई दिये। पूरे शहर की हरेक गली में हरेक आदमी वायपर, डंडे से खुद ही सड़कों व नालियों को साफ करता देखा गया। नालियों में अटी पॉलिथीनों ने भी पानी का रास्ता रोकने का भरपूर काम किया। अब देखना यह होगा कि शहर में



जलभराव का सुधार होता है अथवा नहीं। हालांकि शाम की बारिश में पालिका द्वारा टुल्लू पम्प लगाकर पानी की निकासी का काम करते देखा गया मगर यह प्रयास मात्र ऐसा है, जैसे ऊंट के मुंह में जीरा। शहर में हुए इस जलभराव से जहां नाले का गंदा पानी दुकानों और घरों में घुस गया, वहीं शिवचौक स्थित एसडी मार्किट के दुकानदारों ने जलभराव के कारण इस बीच में सुरक्षा कारणों से अपनी दुकानें भी बंद कर दी। इसके अलावा नगर के मौ. रामपुरी, जनकपुरी, शाहबुद्दीनपुर रोड, आबकारी, किदवईनगर, ब्रह्मपुरी, साकेत, इन्दिरा कॉलोनी व मल्हूपुरा आदि मौहल्लों में घरों में पानी भर गया। इस बीच घरों से बाहर निकले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों की गति को भी ब्रेक लग गए। दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस के कारण लोगों का बुरा हाल बना हुआ था। इस बीच बुधवार दोपहर बाद नगर में अचानक से मौसम में परिवर्तन हने के बाद आकाश में छाए काले बदरा देखते ही देखते अंधेरी के साथ जमकर बरसे।



**साकेत, आर्यपुरी में पहली बार 4 फुट पहुंचा जलभराव**

नगरीय क्षेत्र में करीब दो घंटे की बारिश में पूरा शहर टापू बन गया। इसके चलते शिवचौक, मीनाक्षी चौक, घास मंडी, प्रकाश चौक, कोर्ट रोड, गांधी कॉलोनी, पचेंडा रोड, आदर्श कॉलोनी, मौ. आबकारी, जनकपुरी, दक्षिणी रामपुरी, एकता विहार, मिमलाना रोड, चुंगी नम्बर दो, ब्रह्मपुरी, साकेत, हनुमानपुरी, खालापार, किदवई नगर, खालापार, नई मंडी, पटेल नगर, केशवपुरी, लक्ष्मण विहार, कच्ची सड़क, इन्दिरा कॉलोनी, आंनदपुरी, केवलपुरी, जसवंत कालोनी, साकेत कालोनी आदि मौहल्लों में जलभराव हो गया।

## आज हाईकोर्ट पहुंचेंगे जिलाधिकारी, एसएसपी व खालापार थाना प्रभारी

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** आपको बता दें कि 28 मई को थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान की ओर से इकरार उर्फ कालिया कुरैशी निवासी खालापार, शादाब उर्फ चीडा, रिजवान उर्फ रिज्जू, मनशाद उर्फ सोना एवं निसार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मनसाद की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया था। हाईकोर्ट ने आदेश में बताया कि पुराने मामलों के आधार पर बार-बार गैंगस्टर लगाकर उसे जेल में बनाए रखा। हाईकोर्ट ने इसे पुलिस वे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही माना और कहा कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही 2015 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था। बावजूद इसके 2023-24,







25 में पुराने मामलों के आधार पर फिर से यही कार्यवाही कैसे कर दी गयी। आदेश देते हुए हाईकोर्ट ने खालापार थाना प्रभारी, एसएसपी व डीएम को सात जुलाई को अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए थे। मगर जिलाधिकारी व एसएसपी ने कांवड़ यात्रा की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट से तीन दिन की मोहलत मांगी थी। इसी के चलते आज (10 जुलाई) को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा व थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे।

## काले रंग की अनियंत्रित स्कार्पियों ने 10 लोगों को किया गंभीर घायल

**मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)।** बुधवार को उस समय बड़ा हादसा हुआ, जब यूके 08एयू-4962 काले रंग की स्कार्पियों अनियंत्रित होकर एक नहीं तीन से अधिक वाहनों में जा घुसी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि मजबूत कहलाई जाने वाली स्कार्पियों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं एक स्कूटी स्कार्पियों की टक्कर से चकनाचूर हो गयी, जिसके पहिये कहीं, हैड लाइट कहीं और वाहन चालक कहीं ओर जाकर गिरा। इसके अलावा भी कई अन्य वाहनों में ऐसी ही जोरदार टक्कर लगी, जिसमें सबसे ज्यादा एक गर्भवती महिला सहित दो छोटे बच्चे व अन्य सात लोगों को चोटें आयी। अनियंत्रित होकर टक्कर मारने वाली स्कार्पियों गाड़ी के ऊपर बड़े-बड़े अक्षरों में भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक महासचिव व ग्राम प्रधान दीदाहेड़ी लिखा हुआ है। टक्कर के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गयी और तुंरत वहां भीड़ जमा हो गयी। भीड़ ने एम्बूलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से गर्भवती महिला को रैफर कर दिया गया। डॉ. शेखर गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बच्चे, दो बड़ों व गर्भवती महिला को गंभीर चोट आयी है, जबकि अन्य 6 लोगों को मामूली उपचार देकर रवाना कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्कार्पियों चालक भाकियू के ब्लॉक महासचिव व ग्राम प्रधान दीदाहेड़ी लिखने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। घायलों में शहनाज पत्नी इरफान, इरफान पुत्र नेता, फरहान पुत्र इरफान, संदीप पुत्र छोटे, पप्पू पुत्र दौलत सिंह, मीनू पुत्र फरहान, अयान पुत्र इरफान व सुभाष पुत्र रेडू सिंह शामिल हैं।




















### खाद्य विभाग हुआ सक्रिय

मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। मेरठ में मुख्य सचिव और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक के बाद अब मुजफ्फरनगर में भी कार्यवाही शुरू हो गयी है। खाद्यय सुरक्षा अधिकारी अर्चना धीरान ने बताया कि यह क्यूआर कोड ग्राहकों की सुविधा के लिए है। इसमें दुकानदार का पूरा नाम और पता मेंशन रहेगा। विभाग द्वारा यह क्यू आर कोड स्कैनर लगाये गये हैं। साथ ही वें इसमें दी गयी ऐप पर अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। आपको बता दें कि क्यूआर कोड कोई और संचालक कोई ओर इस मुहिम को यशवीर महाराज द्वारा छेड़ा गया था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन एक्शन में आता दिखाई दिया और मंगलवार को मेरठ में बैठक कर अधिकारियों ने साफ कह दिया था कि यह काम प्रशासन का है, कोई भी व्यक्ति किसी ढ़ाबे पर जाकर क्यूआर कोड चैक करने का अधिकारी नहीं है। इसी कार्य में सावधानी बरते हुए आज खाद्यय विभाग की टीम खुद सड़कों पर उतरी और क्यूआर कोड लगाने का कार्य स्वयं किया। माना जा रहा है कि अब क्यू आर कोड को लेकर कोई विवाद पैदा नहीं होगा और कांवड़ यात्रा सुगम और सहज तरीके से सम्पन्न कराई जायेगी।

### 50 रुपये के सिक्के को लेकर बात हुई साफ, हाईकोर्ट में वित मंत्रालय ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, 09 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि फिलहाल 50 रुपये का सिक्का लाने की अभी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने कोर्ट में आज एफिडेविट जारी किया है। मंत्रालय ने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा साल 2022 में कराए गए एक सर्वे में यह सामने आया कि आम जनता 10 और 20 के लिए सिक्कों के बजाय नोटों को अधिक पसंद करती है। दिल्ली हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह मामला सामने आया, जिसे रोहित नाम के एक याचिकाकर्ता ने दाखिल किया था। याचिका में दृष्टि बाधित नागरिकों के लिए 50 और उससे कम मूल्य के नोटों और सिक्कों को अधिक पहचान योग्य बनाने की मांग की गई थी। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने करेंसी डिजाइन में मौजूद खामियों पर अध्ययन किया है, जिसमें पाया गया है कि 50 रुपए का नोट अन्य नोटों से स्पष्ट रूप से अलग नहीं होता। वित्त मंत्रालय ने भी यह माना कि 10, 20 और 50 के महात्मा गांधी वाले नए सीरीज वाले नोटों में एंगुलर ब्लीड लाइंस और उभरे हुए प्रिंट जैसी टेक्सटाइल विशेषताएं नहीं हैं।

## मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए की चोरी

**जानसठ, 09 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के गांव हाजीपुर में बंद मकान के ताले तोड़कर अज्ञात चोर मकान में रखे लाखों रुपयों के सोने व चांदी के जेवरात व कीमती सामान चोरी कर ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। पीड़िता ने पुलिस को चोरी की घटना की तहरीर दी है। गांव हाजीपुर निवासी पूनम पुत्री अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पांच जुलाई को अपने परिवार के लोगों के साथ निजी कार्य से दिल्ली में अपने रिश्तेदार के यहां गई थी। आठ जुलाई को जब वह वापस अपने घर लौटे, तो देखा कि उनके मकान के सभी कमरों के ताले टूटे हुए हैं। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि सभी संदूकों और अलमारियों के भी ताले तोड़े गए हैं। घर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उन्होंने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी। स्वजन ने बताया कि घर में रखे पांच संदूकों तथा सेफ, बैड आदि में लगभग 40 से 50 लाख रुपयों की कीमत के सोने व चांदी के आभूषण रखे हुए थे, जो गायब मिले। इसके अलावा महंगे कपड़े, बर्तन एवं अन्य कीमती सामान भी चोरी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने तहरीर लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## चैकिंग अभियान : 5 ओवरलोड व 2 स्कूली वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)।** एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्रा अवैध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर प्रतिबंध लगाले के साथ राजस्व बढ़ोतरी की दिशा में लगातार गतिशील रहते हुए वाहन चैकिंग अभियान जारी रखे हुए है। इसके साथ ही यूपी सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर समन शुल्क वसूल रहे हैं। बुधवार को व्यवस्था को गति देने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच एआरटीओ प्रवर्तन सुशील मिश्रा ने खतौली क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। आला अधिकारियों की मौजूदगी में जारी अभियान के बीच टीम ने 5 ओवरलोड वाहन एवं दो विद्यालय के वाहनों पर बड़ी कार्रवाई की। इन पकड़े गए वाहनों के कागजात समाप्त थे, जिनके विरुद्ध कार्रवई करते हुए 4,68,980 रुपये का जुर्माना किया। टीम की कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध वाहन संचालन में जुटे लोगों में हड़कंप मचा रहा। जिले में लंबे समय से डग्गामार वाहनों के साथ स्कूल वाहनों की लंबित फिटनेस को लेकर परिवहन विभाग सक्रिय है। एआरटीओ प्रवर्तन सुशील मिश्रा के इस सख्त रूख के कारण वाहन चालकों व इसमें संलिप्त लोगों में अफरातफरी मची है। जनपद में शुरू अभियान के बारे में एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि जिले में उक्त अभियान लगातार चलता रहेगा। इस चैकिंग अभियान के चलते विभिन्न मार्गो पर वाहन चालक कार्रवाई से बचने के लिए वाहनों को मार्गो के किनारे ही खड़ा कर फरार हो ग, जिसके चलते मार्गो पर सन्नाटा पसर गया। वाहन चालक एआरटीओ के द्वारा शुरू किए इस अभियान के समाप्त होने की जानकारी अपने लोगों के जरिए लेते रहे। इस दौरान एआरटीओ सुशील मिश्रा ने चेताया कि परिवहन विभाग की ओर से शुरू अभियान के

**पकड़े गए वाहनों से वसूले गए 4.68,980 रुपए जुर्माना**



तहत मोटर वाहन अधिनियम के खिलाफ कोई भी वाहन मार्ग पर परिवहन करता मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में किसी भी कीमत पर ओवरलोड वाहनों को सड़कों पर नहीं चलने दिया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के साथ ही स्कूलों में लगे वाहन स्वामियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय रहते अपने वाहनों के सारे कागजात पूरा करा लें, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### नहीं हो सकी हाईकोर्ट में शाहनवाज की जमानत याचिका पर सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** सात माह से जेल में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राना की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में अब भी सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तिथि नियत की गयी है। पूर्व विधायक वर्तमान में चित्रकूट जेल में बंद है। आपको बता दें कि शाहनवाज राना को 5 दिसम्बर को पूर्व सांसद कादिर राना की फैक्ट्री में जीएसटी की छापामारी के दौरान हिरासत में लिया गया था। जिसके बाद से शाहनवाज राना जेल में बंद हैं। जेल के अंदर से ही उनके पास से एक सिम भी पाया गया था। जिसके बाद उन्हें चित्रकूट जेल भेज दिया गया था। तभी से वे चित्रकूट जेल में बंद हैं। शाहनवाज राना पर जीएसटी चोरी व गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता आफताब आलम ने बताया कि हाईकोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी, जिस कारण अब सुनवाई की अगली तिथि 21 जुलाई नियत हुई है।

### न्याजूपुरा से युवक को तमंचे व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** बुधवार को रामलीला टिल्ला चौकी प्रभारी मोहित सहरावत को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक न्याजूपुरा रोड पर घूम रहा है तथा किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस सूचना के बाद न्याजूपुरा के जंगल की ओर जाने वाले खाली पड़े प्लॉट में खड़े युवक तक पहुंची और उसे दबोचकर उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी में युवक के पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। जब पुलिस ने उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम हर्ष उर्फ काला निवासी हसीना वाली गली, मौहल्ला रामलीला टिल्ला बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपित का अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## दो दिन पहले जिसने मांगी थी इच्छा मृत्यु, उसने आज खा लिया जहरीला पदार्थ

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** दो दिन पहले कलेक्ट्रेट पहुंचकर नई मण्डी थाना क्षेत्र निवासी सुमित सैनी ने इच्छा मृत्यु की इच्छा जताई थी, जिसमें उसने मर जाने का कारण अपनी पत्नी को बताया था। उसका कहना था कि उसकी पत्नी पिंकी उसे शादी के कुछ दिन बाद से ही मारती पीटती है। विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए उसने अपनी व अपनी पत्नी की उम्र का अंतर भी बताया था। उसने कहा था कि वह 27 साल का युवा है और उसकी पत्नी 35 साल की महिला। इसके अलावा भी उसने अपनी पत्नी पर कई आरोप लगाते हुए इच्छा मृत्यु की मांग की। जिस दिन वह इच्छा मृत्यु की मांग करने आया था तो मीडिया के कैमरे के सामने उसने स्वयं बताया कि वह कई बार अपनी पत्नी को लेने उसके मायके गया मगर ससुराल वालों ने उसे भेजने से साफ इंकार कर दिया। बस इसी



बात में झोल पकड़ में आया कि एक तरफ जो व्यक्ति पत्नी से छुटकारा पाने के लिए इच्छा मृत्यु की मांग कर रहा है फिर वही व्यक्ति उसके मायके उसे लेने किसलिए गया? बुधवार को इस मामले में नया मोड़ सामने आया और अचानक उसका परिवार सुमित सैनी जिला चिकित्सालय की इमजेंसी लेकर पहुंचा जहां उसकी माता ममता सैनी ने बताया कि घर में सब खाना खा रहे थे, उस समय अचानक सुमित सैनी कहने लगा कि मैं अपने कमरे में जा रहा हूँ। जब कुछ देर तक सुमित अपने कमरे से वापस नहीं लौटा तो सुमित का भाई उसे कमरे में देखने गया, जहां वह बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। सुमित के भाई ने पूरे परिवार को शोर मचाकर कमरे में बुलाया और आनन-फानन में सुमित को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुमित को होश आ गया। समाचार लिखे जाने तक सुमित की हालत ठीक थी, मगर अभी इस बात का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया कि सुमित ने आखिर कौन से नशीले पदार्थ का सेवन किया था।

## प्रयागराज के मेजा में बड़ा हादसा, खेत के गड्ढे में भरे पानी में डूबने से चार मासूमों ने गवाई जिंदगी

**प्रयागराज, 09 जुलाई (एजेंसी)।** प्रयागराज के मेजा में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां खेत में बने गड्ढे में बरसात का पानी भर गया। पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चों में हुनर (5 वर्ष) और वैष्णवी (4 वर्ष), विमल कुमार का बेटा कंधा (5 वर्ष) और केशरी (4 वर्ष) शामिल हैं। मंगलवार शाम चारों मासूम बच्चे खेल रहे थे। शाम के बाद बच्चों की तलाश शुरू हो गई। गांव के लोग हर तरफ बच्चों को तलाशने लगे। किसी का ध्यान गड्ढ़े की तरफ नहीं गया। बुधवार सुबह गांव से कुछ दूर खेत में स्थित ईंट भट्ठे के लिए खोदे गए गड्ढे में एक बच्चे का शव तैरता नजर आया। इसके बाद गांव के लोग गड्ढ़े में उतर गए। जानकारी मिलते ही मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय और चौकी प्रभारी अनिल पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से चारों परिवारों में शोक की लहर है। रात भर बच्चों की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।



### चरथावल पुलिस का कड़ा एक्शन, मूर्ति खंडित होने के कुछ ही घंटे बाद मूर्ति खंडित करने वाले गांव के ही तांत्रिक ओमपाल उपाध्याय को किया गिरफ्तार

**चरथावल/मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम घिस्सूखेड़ा म्हाड़ी परिसर में स्थापित गोरखनाथ बाबा की मूर्ति को किसी ने खंडित कर दिया। सुबह जैसे ही घटना की जानकारी गांव में फैली, ग्रामीण और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में म्हाड़ी परिसर में एकत्र हो गए। उन्होंने तत्काल धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मूर्ति को खंडित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा, सीओ सदर, तहसीलदार सदर व अन्य अधिकारियों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं नई मूर्ति जल्द लगवाने का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। वहीं सीओ सदर देवव्रत वाजपेई के निर्देशन में मूर्ति खंडित करने के कुछ घंटे के बाद चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी प्रभारी अमित कुमार ने मूर्ति खंडित घटना का सफल अनावरण करते हुए ओमपाल उपाध्याय तांत्रिक निवासी ग्राम घिस्सूखेड़ा थाना चरथावल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।



### मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की 13 अगस्त तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली, 09 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ाई है। न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने यह आदेश जारी किये हैं। राणा को हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। राणा के मुख्य षड्यंत्रकारी अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा 4 अप्रैल को उसके भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज करने के बाद उसे भारत लाया गया था। आपको बता दें कि तहव्वुर राणा इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में एनआईए की कस्टडी में है। उससे 26/11 हमले से जुड़े मामलों में पूछताछ कर की जा रही है। बता दें पाकिस्तान से नाव में आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने करीब 60 घंटे तक मायानगरी को बंधक बनाए रखा था।

## डकैती की योजना बना रहे 25-25 हजार के दो इनामी सहित पांच शातिर गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** भौराकलां पुलिस व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25-25 हजार के दो इनामी बदमाशों समेत 5 शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में गिरफ्तार दोनों इनामी बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। इन बदमाशों से पांच तमंचे व दो गाड़ी बरामद की गयी हैं।

**एसएसपी ने पुलिस टीम को की इनाम देने की घोषणा**

बुधवार को पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि भौराकलां थाना प्रभारी पवन कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि कुरावा रोड पर



कुछ बदमाश डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने टीम व क्राइम ब्रांच को साथ लेकर वहां पहुंचे और बदमाशों की घेराबंदी की। अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें 25 हजार का इनामी वकील उर्फ काला निवासी गांव मोहल्ला इस्लाम नगर थाना खतौली, हाल पता बिलासपुर थाना नई मंडी व 25 हजार का इनामी शाहबाज निवासी गांव जसौला थाना खतौली पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये।

इसके अलावा उनके साथी दत्तू उर्फ रिज्जू उर्फ रिजवान निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ, सुहैल निवासी इस्लामनगर खतौली भी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान फरार साथी गुलफाम निवासी कुटेसरा, थाना चरथावल को भी दबोच लिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया गिरफ्तार इनामी बदमाश वकील खतौली थाने का हिस्ट्रीशीटर है और भौराकलां थाने से उस पर इनाम घोषित था, वहीं शाहबाज भी खतौली थाने से इनामी घोषित है। उक्त गैंग अधिकांश घरों के बाहर बंधे पशुओं को चुराने की घटना को अंजाम दिया करता है। गिरफ्तार बदमाशों से पशुओं को उठाने में प्रयोग होने वाली एक पिकअप, एक ईओन कार, 5 तमंचे व दो भैंस बरामद हुई हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम को एसएसपी ने इनाम देने की घोषणा की है।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## राहुल गांधी, तेजस्वी और अखिलेश

कल बिहार में बन्द को लेकर हलचल रही। पटना में महागठबंधन के नेता सड़कों पर उतरे। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव बन्द में शामिल हुए। अखिलेश यादव के कांवड़ियों को लेकर दिये गए बयान का खूब चर्चा हो रहा है, ज्यादातर लोग इस बयान को तंज कह रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार को एक आदेश जारी करना चाहिए, जिसमें कहा जाए कि डीएम, एसपी कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन और स्वास्थ्य की व्यवस्था करेंगे और सीओ, एसडीएम उनकी पैर दबाकर सेवा करेंगे। अखिलेश यादव ने कल प्रेस कांफ्रेस में भी सरकार पर निशाना साधा। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी पूरी तरह से साफ हो जाएगी। सपा मुद्दा विहीन पार्टी है। अखिलेश यादव पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वे सत्ता वियोग में बिन पानी के मछली की तरह तड़प रहे हैं। कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री पर अखिलेश यादव की टिप्पणी पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे बयान किसी राजनीतिक नेता को देने की जरुरत नहीं है। कथा कहने वाले को कौन यजमान क्या दक्षिणा दे रहा है, ये तय करना किसी राजेनता का काम नहीं है। ऐसे बयानों से सपा समात्तवादी पार्टी बनने की ओर अग्रसर है। 2027 में सपा पूरी तरह से साफ हो जाएगी। कांवड़ यात्रा पर कहा कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कोई प्रयास न करे। कांवड़ यात्रा में आस्था का सागर उमड़ता है। उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सियासी जोड़ी है और बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की जोड़ी है। बिहार में महागठबंधन के दल, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के विरोध में हैं। एक नेता ने कहा कि 2024 में जिस लिस्ट से चुनाव हुआ उसी से अब विधानसभा चुनाव भी होने चाहिएं, अगर यह सूची गलत है तो क्या मोदी को चुना जाना गलत नहीं है? क्या मोदी दोबारा चुनाव कराएंगे? इन दलीलों पर बिहार के उपमुख्यमन्त्री सम्राट चौधरी ने हैरानी जताई है। किशनगंज जिले में बीते छह दिनों में 1.27 लाख से अधिक आवासीय प्रमाण-पत्र के आवेदनों ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आशंका जताई है कि कहीं ये बांग्लादेशी घुसपैठिया तो नहीं हैं। सम्राट चौधरी ने इसे शॉकिंग करार देते हुए कहा कि यह आंकड़ा साफ संकेत देता है कि किशनगंज में बड़ी संख्या में घुसपैठिए मौजूद हैं। उन्होंने राजद पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके परिवार ने चारा खाया और जमीन लिखवाई, उन्हें घुसपैठ का पाताल समझ नहीं आएगा। चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि जो बिहारी या भारतीय नागरिक हैं, उनकी सहमति से मतदाता सूची में नाम जुड़ सकता है, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों का नाम नहीं। चौधरी का यह दावा कि इतनी बड़ी संख्या में आवेदन घुसपैठ का संकेत हैं, सही भी हो सकता है।बिहार में चल रहे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के खिलाफ पटना के अलावा गोपालगंज, दरभंगा, आरा, किशनगंज, गया जी, सहरसा समेत कई जिलों में बंद समर्थकों ने जमकर प्रदर्शन किया है। इस दौरान कहीं ट्रेनें रोक दी गईं, तो कहीं सड़क पर आगजनी कर आवागमन को बाधित कर दिया गया। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव,एक वाहन पर सवार होकर मार्च के लिए निकले। गाड़ी पर दिग्गज नेताओं के साथ पटना की सड़क पर कार्यकर्ता लगातार पैदल मार्च कर रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। कई कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग को तोड़ने का भी प्रयास किया और कई बार स्थिति तनावपूर्ण भी बनी। पुलिस लगातार बैरिकेडिंग न तोड़ने की अपील कर रही थी। इस दौरान महागठबंधन के नेताओं ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार को घेरा तथा बिहार चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण को घातक बताया। राहुल गांधी ने अपने सम्बोधन में फिर महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव चोरी का आरोप लगाया। उनके हाथ में संविधान की किताब भी थी। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में वोट की चोरी की कोशिश हो रही है। राहुल गांधी ने कहा, मैं बिहार की जनता को कह रहा हूं कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार का चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता लग गया कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, इसलिए वो नया बिहार मॉडल लाए हैं। यह गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि सरकार गरीबों से उनका हक छीनना चाहती है। वोटर लिस्ट जांच को गरीबों के खिलाफ साजिश बताते हुए तेजस्वी यादव ने कहा,पहले नाम हटाए जाएंगे फिर आपकी पेंशन-राशन छीना जाएगा, चुनाव आयोग एक राजनीतिक दल का अंग बन गया है। क्या गुजरात के दो लोग तय करेंगे कि कौन बिहारी मतदाता वोट दे सकता है और कौन नहीं? उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा अन्य कई नेताओं ने राहुल और तेजस्वी की जोड़ी पर तंज कसे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ये लोग कामचोर लोग हैं। ये लोग कभी मेहनत नहीं कर सकते। बिहार के लोगों ने सहमति दे दी कि हम समीक्षा कराएंगे। ये लोग राजकुमार लोग हैं। गांधी परिवार का राजकुमार और लालू यादव का राजकुमार ये लोकतंत्र में भरोसा करने वाले लोग नहीं हैं। राहुल गांधी पिकनिक मनाने पटना आए हैं। उन्हें बिहार की जनता से कोई मतलब नहीं है। सम्राट चौधरी ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को यहां आकर देखना चाहिए कि बिहार किस तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने खास तौर पर पटना एयरपोर्ट के विकास का ज़िक्र किया और कहा कि राहुल गांधी को उसका भी दौरा करना चाहिए। अभी कुछ पहले तेजस्वी यादव द्वारा पत्रकारों को कायर कहे जाने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि जिनके माता-पिता के कार्यकाल में लोग चारा खा गए, जमीन हड़प गए, वे आज पत्रकारों को उपदेश दे रहे हैं। उनका खुद कोई काम नहीं बचा है। इनके नेता दिल्ली से लेकर पटना तक बेरोजगार घूम रहे हैं। ये वही सब ड्रामा कर सकते हैं, इनके पास जनता के लिए कोई सार्थक काम नहीं है। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के आरम्भ के साथ-साथ निकृष्ट राजनीति भी आरम्भ हो गई है। बहुत से नेताओं के ऐसे बयान आ रहे हैं, जो न परिपक्व कहे जा सकते हैं न विवेक पूर्ण, बस प्रभु ही से प्रार्थना की जा सकती है कि वो अंट-शंट बोलने वालों को सद्बुद्धि दें।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'समझ' 'शराफत' 'धरातल' 'नशा'

कहीं भाषणों से समझ है नदारद, कहीं बेवकूफी दिखायी गयी है।
कोई फेल है तो कोई पढ़ के अनपढ़,किसी ने शराफत मिटायी हुई है।।
गिरा है धरातल में नेता गिरा है,नशा है ये सत्ता का कितना नशीला,
सियासत की खातिर ही पाले हैं शैतां, जमीं गाँव की भी लुटायी गयी है।





## पर्यावरण को शुद्ध करने के उद्देश्य से गणमान्यों ने की वृक्षारोपण की शुरुआत

मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बुस.)। वृक्षारोपण महाअभियान 2025 के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर को आवंटित 3360000 पौधों के रोपण का शुभारम्भ बेगराजपुर औद्योगिक क्षेत्र पार्क-1 में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उधमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी अटल कुमार राय (आईएएस), मण्डलायुक्त सहारनपुर मण्डल अटल कुमार राय की अध्यक्षता में वृक्षारोपण के भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। डीएम उमेश मिश्रा द्वारा अपने उद्बोधन से सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया। वृक्षारोपण महाअभियान 2025 की थीम एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अन्तर्गत डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, राजपाल बालियान, विधायक बुढ़ाना विधानसभा, सुधीर सैनी, जिला अध्यक्ष भाजपा, राष्ट्रीय लोकदल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुश पुरी, राष्ट्रीय सचिव, इंडियन इण्डस्ट्रीज एशोसिऐशन, नितिन चौधरी, अध्यक्ष विजय फाउण्डेशन, ग्राम प्रधान अशोक राठी एवं सलमा को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संजय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, कण्डारकर कमलकिशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, जिला पचायंत राज अधिकारी, उप जिलाधिकारी खतौली, उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार-खतौली, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, इंडियन एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, पंचायत राज विभाग के अधिकारीगण, एनसीसी के कैडेट्स, प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय, जिला समन्वयक राजकीय पुस्तकालय प्रभारी, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य तथा छात्र-छात्रायें, एमडीएस विद्या मन्दिर के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्रायें, एसबीएस इण्टर कॉलेज घासीपुरा के छात्र-छात्रायें, सर शादीलाल स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें एवं क्षेत्र वासियों द्वारा प्रतिभाग कर पौधारोपण किया गया। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को लाईव प्लांट भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। राजीव कुमार, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान 2025 के विषय में उपस्थित समस्त अतिथियों को अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, संजय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी, कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, जिला पचायंत राज अधिकारी, उप जिलाधिकारी खतौली, उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार-खतौली, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, इंडियन एशोसिएशन के पदाधिकारीगण, पंचायतराज विभाग के अधिकारीगण, एनसीसी के कैडेट्स, प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय, जिला समन्वयक राजकीय पुस्तकालय प्रभारी, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य तथा छात्र-छात्रायें, एमडीएस विद्या मन्दिर के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्रायें, एसबीएस इण्टर कॉलेज घासीपुरा के छात्र-छात्रायें, सर शादीलाल स्कूल के शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें एवं क्षेत्र वासियों द्वारा प्रतिभाग कर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल जी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ दिन है, जो आज वृक्षारोपण कार्यक्रम यहां हो रहा है, जिसके लिए सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 37 करोड़ का लक्ष्य रखा गया, जिसके अंतर्गत जनपद के लक्ष्य को पूर्ण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे भारत के प्रधानमंत्री जी का नारा है की एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं और अपने पर्यावरण को शुद्ध बनाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने कहा कि बृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम जनपद में आज यहां जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है, इसके लिये सभी को बधाई दी। विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु लोगों को प्रेरित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि पूरे प्रदेश में 37 करोड़ वृक्ष लगाए जा रहे हैं और हमारे मंडल में 94 लाख वृक्ष लगाए जा रहे हैं, मंडल के तीनों जनपदों में जिसमें मुजफ्फरनगर का 33 लाख 60000 का लक्ष्य निर्धारित है, इस लक्ष्य से ऊपर ही पेड़ लगायें जाएंगे। डीएम उमेश मिश्रा ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जनपद के लक्ष्य के अनुसार 33 लाख 60000 से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लेकर पूरे जिले में वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है कि इंद्रदेव भी प्रसन्न होकर अपनी बारिश से पौधे बचाने का आशीर्वाद दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग संकल्प करें कि यहां से जाने के बाद फिर एक वृक्ष रोपण अवश्य करेंगे। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गितेश चन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के संस्थापक डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया।




## आंगनबाड़ी कर्मियों ने धरना देते हुए दी सरकार को चेतावनी



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं ने बुधवार को डीएम कार्यालय का घेराव करते हुए धरना दिया। इस दौरान जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में मानदेय बढ़ोतरी और स्थायीकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया गया। आंगनबाड़ी कर्मियों ने इस बीच शुरू देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ यूपी के आह्वान पर संपन्न हुए धरने की अध्यक्षता उमा और संचालन माया ने किया। कलेक्ट्रेट में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ यूपी सरकार का व्यवहार उपेक्षापूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार मानदेय बढ़ाने और आंगनबाड़ी कर्मियों को प्रदेश के सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांगें पूरी नहीं करती, तो 2027 के चुनाव में सरकार को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रदर्शन में अन्य वक्ताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रदेश के 40 लाख बच्चों और महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य की देखभाल में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें न्यूनतम मानदेय पर काम करने को मजबूर किया जा रहा है। इस दौरान प्रदर्शन में गीता, सुनीता, बीरमति, उमेश, अमृता, अर्चना, कमला, सुदेश, रीता, अर्चना, पूनम, चंद्रकला, मधु बाला, ममता, इंदू, अनीता, मुकेश, गुड्डी, लता, सविता, बबीता, सीमा, ओमवती, शारदा, सरला, इसरत जहां, तारावती, कमला, कुसुम लता, सोनिया, सुमित्रा, बीना, सुनीता, अनीता समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री व सहायिकाएं मौजूद रही।

## प्रकृति के सम्मान में एक पेड़ मां के नाम समर्पित करें: मीनाक्षी




मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। नगरपालिका चेयरपर्सन के नेतृत्व में बुधवार सुबह मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभासद, पालिका अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्रों के साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व आम नागरिकों की सहभागिता रही। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कम्पनी गार्डन में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ शुभारंभ करते हुए सभी से आह्वान किया कि हर व्यक्ति एक पौधा अपनी माँ के नाम पर लगाए और उसी श्रद्धा से देखरेख करते हुए सींचे जैसे हम माँ का मान-सम्मान करते हैं। उन्होंने सभी की सहभागिता के लिए एक प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि पेड़ केवल प्रकृति का हिस्सा ही नहीं, हमारे जीवन के संरक्षक हैं। अगर हम चाहते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, जल और जीवन मिले तो हमें आज से ही हरित शहर के संकल्प को पूर्ण करने के लिए पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि पालिका भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर है। शासन से 9932 पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है, अभी तक करीब 2500 पौधे रोपित कर चुके हैं। शहर में 24 स्थान चिन्हित करते हुए पर्यावृण संतुलन सुधारने की दिशा में प्रयास जारी रखेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी आमजन लें और बच्चों की भांति उनका पोषण करें। पालिका हर नागरिक को इससे जोड़ने के लिए आगामी दिनों में भियान चलायेगी। इस दौरान वार्ड सभासद मनोज वर्मा, देवेश कौशिक, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, अन्नू कुरैशी, अमित शर्मा, अमित पटपटिया, शहजाद चीकू, अनुज कुमार, हिमांशु कौशिक, अर्जुन प्रजापति, आदिल मलिक, हसीब राणा, नदीम खां, शोभित गुप्ता, प्रमोद कुमार, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, आईटी ऑफीसर प्रियेश कुमार, वाटिका सुपरवाइजर दुष्यंत कुमार, शालू सैनी, लिपिक रूचि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों ने किया कलेक्ट्रेट में विरोध-प्रदर्शन



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। यूपी-उत्तराखंड मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच प्रधानमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए सेल्स प्रमोशन कर्मियों की समस्याओं के समाधान की मांग की। एसोसिएशन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में जनरल सेक्रेटरी विमेश मिश्रा ने इनके निदान कराने की भी मांग की।

प्रशासन के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा कि सेल्स प्रमोशन कर्मियों की नियोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से स्थानांतरित किए जाने के साथ, उनका काम रोकने, फर्जी मामलों में फंसाकर बर्खास्त किए जाने के आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि उक्त नियोक्ता, सेल्स प्रमोशन कर्मचारी अधिनियम, 1976 एवं अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। साथ ही यूनियन नेताओं और कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने के लिए झूठी पुलिस शिकायतें दर्ज कराई जा रही है। एसोसिएशन ने चारों नई श्रम संहिताओं को निरस्त करने, पुराने श्रम कानूनों को लागू रखने की मांग के साथ ही सेल्स प्रमोशन कर्मियों के फिक्स्ड टर्म एंप्लॉयमेंट पर नियुक्ति पर रोक, छंटनी व स्थानांतरण पर पाबंदी, समय पर वेतन भुगतान, बोनस, पीएफ, पीएस, एसओ और अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं तय करने की मांग की गई। ज्ञापन में मैडिकल रिप्रेजेंटेटिव कार्य पर अस्पतालों और संस्थानों में लगे प्रतिबंधों को हटाने, आपराधिक मामलों में न फंसाने, न्यूनतम वेतन 26,910 रुपये प्रतिमाह के साथ न्यूनतम पेंशन 9,000 रुपये प्रति माह करने की मांग की। इसके साथ एसोसिएशन ने दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य करने, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए जीडीपी का 5 प्रतिशत आवंटित करने, सभी दवाओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग की।

## बीएसएनएल कार्यालय पर धरने पर बैठे कर्मी




मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। बुधवार को ऑल इंडिया बीएसएनएल-डॉट पेंशनर्स एसो. के सदस्यों ने दूरभाष केंद्रीय मंडी मुजफ्फरनगर के प्रांगण में देश व्यापारी आम हड़ताल के समर्थन में तथा पेंशन रिवीजन की मांग को लेकर धरना दिया। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने इस दौरान कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए सामूहिक प्रदर्शन किया। नई मंडी कार्यालय पर संपन्न विरोध प्रदर्शन के बाद क्रांति प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें आरयू सिंह जिला सचिव एआईबी डीपीए व मौहम्मद इसराइल परिमंडलीय सचिव एआईबी डीपीए ने अपने विचार रखें।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मुकेश अग्रवाल (MUKESH AGARWAL) से बदलकर मुकेश कुमार सिंघल (MUKESH KUMAR SINGHAL) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मुकेश कुमार सिंघल के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

मुकेश कुमार सिंघल पुत्र स्व० प्रेमचंद सिंघल
54, नवाब गंज पश्चिमी, हनुमान चौक,
मुजफ्फरनगर

## शाहपुर चेयरमैन अकरम कुरैशी ने किया वृक्षारोपण

### - नगर पंचायत ने 2000 से अधिक पौधे रोपित किये




शाहपुर, 09 जुलाई (बु.)। कस्बे व देहात में महा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने वृक्षारोपण किया। नगर पंचायत में 2000 से अधिक पौधारोपित किये। कस्बे में नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने नगर पंचायत कार्यालय के अलावा नगर पंचायत की भूमि, कान्हा गौशाला, शमशान घाट व मुक्तिधाम आदि स्थान पर सभासदों व नगर पंचायत कर्मियों के साथ वृक्षारोपण किया। इसके अलावा ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने खंड विकास कार्यालय के अलावा विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी डॉ. ओपी जायसवाल, थाना परिसर में थाना प्रभारी जयसिंह भाटी के अलावा विभिन्न गांव के प्रधानों सहित सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने वृक्षारोपण किया।

## आरोपियों से असंतुष्ट परिवार ने दी आत्महत्या करने की चेतावनी



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। परिवार की ही भाभी के प्रेम जाल में फंसे अपने भाई की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कड़ी कार्यवाही न किए जाने से आहत पीड़ित परिवार ने न्याय न मिलने की स्थिति में स्वयं भी आत्म हत्या किए जाने की शासन-प्रशासन से अनुमति मांगी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस मामले में उसने जनपद के दोनों मंत्रियों के साथ आलाधिकारियों के दरबार में गुहार लगाई है, लेकिन कहीं से भी न्याय की उम्मीद न जगने पर उन्हें विवश होकर ऐसा कदम उठाने का निर्णय लेना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से इस मामले में कठोर कदम उठाए जाने की मांग की है। शहर कोतवाली के मौहल्ला रामलीला टिल्ला निवासी विनोद मोघा की पुत्री सिमरन ने मीडिया से वार्ता करते हुए पुलिस पर आरोप लगाया कि उसके भाई ने विगत 31 मई को आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि उसको आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने वाली महिला व उसके पति को पुलिस ने हल्की धाराओं में जेल भेजा है, जिसके कारण वे कानून का फायदा उठाकर जेल से जमानत पर बाहर आ गए हैं, जबकि इस मामले में दो आरोपियों की अभी तक पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है। पीड़ित परिवार ने इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कराने की मांग को लेकर मंत्रियों के साथ भाकियू नेता राकेश टिकैत, से भी दखल दिए जाने की गहार लगाई थी। प्रेस वार्ता में इस दौरान रेणु चौधरी, विनोद मोघा, पूनम आदि मौजूद रहे।

## बुड़ीना खुर्द में एक पशु चिकित्सा कैंप का आयोजन



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बुस.)। बघरा के गांव बुड़ीना खुर्द में एक पशु चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिस्टल कोप प्रोटेक्शन लिमिटेड एवम कृषि विज्ञान केंद्र बघरा मुजफ्फरनगर द्वारा आयोजित किया गया था। कैंप में किसानों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी कृषि विजयन केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा पशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। कैंप में क्रिस्टल कंपनी से दीपक शर्मा व डॉ. वीरेंद्र चौधरी और मार्केटिंग मैनेजर अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ वातावरण हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बुस.)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यानाथ के आह्वान पर "एक पेड़ मां के नाम 2.0" अभियान के निमित्त आज मुजफ्फरनगर विधानसभा के अलग अलग मण्डल केशव मण्डल, नई मण्डी मण्डल और पुरकाजी विधानसभा के पिन्ना मण्डल में वृहत वृक्षारोपण किया गया। पार्टी के सभी जिम्मेदार लोग इसमें उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक श्रीमोहन तायल ने कहा कि आज स्वच्छ वातावरण एवं पर्यावरण की रक्षा हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण और जल संरक्षण से ही आने वाला जीवन संभव है, इस धरा धाम को हरा-भरा रखेंगे, तो ही जीवन हरा-भरा रह सकता है और इस अभियान को जन अभियान बनाना ही हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी जन भावनाओं और जन अपेक्षाओं को एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करती है और इसे एक अभियान के रूप में चलाने का कार्य करती है। जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी के निर्देश पर आज हमारे सभी शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्ष अपनी-अपनी कार्यकारिणी के साथ बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कर रहे हैं, जिससे कि आने वाला जीवन सुरक्षित हो सके एवं जमीनों का कटान रुक सके एवं जमीनों की उर्वरक क्षमता भी बढ़ सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता श्रीमोहन तायल,भारतीय जनता पार्टी के नेता जगदीश पांचाल, जिला उपाध्यक्ष रोहताश पाल,मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल,महामंत्री मनोज लेमन शर्मा, महामंत्री अमन तोमर खटीक,मंडल प्रभारी बबीता गुप्ता, नई मण्डी मण्डल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, महामंत्री आदेश गौतम, कोषाध्यक्ष कमलकांत शर्मा,पंकज महेश्वरी,सुनील तायल, पिन्ना मंडल महामंत्री अमित पंवार, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार धीमान, विनीत धीमान, दिनेश पाल आदि उपस्थित रहे।

## बिजली निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर बुधवार को देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। इस कड़ी में प्रदेश के करीब एक लाख बिजली कर्मियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्य स्थल से बाहर आकर उक्त निजीकरण के विरोध में पूरे दिन व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। जनपद में भी इस मुद्दे को लेकर अधिकारी-कर्मियों ने आंदोलन को समर्थन दिया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने आज यहां जारी बयान में कहा है कि केंद्र व राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर प्रदेश में निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। हड़ताल के दौरान राष्ट्रीय नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी व उपभोक्ता संगठन और संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान भी विभिन्न जनपदों में प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। मुजफ्फरनगर में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर आंदोलन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से मुकेश मुकीम, रवि कुमार, रामनिवास त्यागी, वीवी गुप्ता, यूसी वर्मा, कमल कुमार, कपिल कुमार, विजय कुमार, राघवेंद्र, जावेद, राकेश, सतेंद्र, प्रवीण, आकाश, आशीष, प्रांशु, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

## पौधारोपण एक महत्वपूर्ण कदम है : अरविंद त्यागी



मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बुस.)। राष्ट्रीय वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने शाहपुर ब्लॉक के ग्राम कसेरवा में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उनके साथ कसेरवा के प्रधान परवेज आलम भी उपस्थित थे। ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने एवं भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में पौधारोपण एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी का बीमारी के चलते निधन

खतौली, 9 जुलाई (बु.)। समाजसेवी व सत्यदर्पण समाचार-पत्र के संस्थापक व सम्पादक सत्यपाल गुप्ता का बुधवार को लम्बी बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया। नगर क्षेत्र की जमना विहार कॉलोनी निवासी सम्पादक सत्यपाल गुप्ता लम्बे अंतराल से पत्रकारिता जगत से जुड़े रहने के साथ साथ वैश्य समाज के संगठन में सक्रिय रहे तथा वैश्य समाज सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं में विभिन्न पदों पर आसीन रहते हुए अपना योगदान बनाए रहे। विगत कई वर्षों से वह अस्वस्थ चल रहे थे तथा पैरालाइसिस सहित कुछ अन्य बीमारियों से पीड़ित बने हुए थे, परन्तु इसके बाद भी वह पत्रकारिता सहित वैश्य समाज के कार्यों में सक्रिय बने रहे। बुधवार की सुबह अचानक उनका निधन हो गया। पत्रकारिता के स्तम्भ स्व. सत्यपाल गुप्ता के निधन की सूचना मिलते ही उनके निवास पर पत्रकारों सहित उनके शुभचिंतकों का पहुचना आरम्भ हो गया था। दोपहर उपरान्त उनका अंतिम संस्कार नगर स्थित मोक्षधाम पर विधि विधान से किया गया। उनके निधन पर पत्रकार संगठनों सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपनी शोक संवेदना व्यक्त की गयी है।

### कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, मुजफ्फरनगर।

पत्रांक:-318/ई-निविदा/डूडा-मु0नगर/2025-26 दिनांक: 09/07/2025

**''ई- टैण्डरिंग अल्पकालीन निविदा सूचना''**

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) मुजफ्फरनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में मा0 सांसद/मा0 विधायक निधि योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से विकास कार्य सम्पन्न कराना चाहता है, जिसके लिए ई-निविदा हेतु दिनांक 10/07/2025 से दिनांक 30/07/2025 समय सायं 5:00 बजे तक ई-निविदाएं वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) मुजफ्फरनगर द्वारा ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती हैं तथा दिनांक 31/07/2025 को प्रात: 11:00 बजे खोली जायेंगी तथा निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना से वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जायेगी। समस्त ई-निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | DUDA/MZN/65/1-2/09-07-2025 |
| Publish Date | 10-07-2025 |
| Last Date Time For Submission Of E-Bid | 30-07-2025 up to 5:00pm |
| E- Tender Opening Dtae | 31-07-2025 at 11:00am |
| Place of Opening of E-Bid | District Urban Development Agency (DUDA) |

परियोजना निदेशक
जिला नगरीय विकास अभिकरण
मुजफ्फरनगर।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

### गुजरात में महिसागर नदी पर पुल ढहने से मृतकों की संख्या 11 हुई

**वडोदरा, 09 जुलाई (वार्ता)** गुजरात में वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में बुधवार को महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के अचानक ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी और अन्य छह घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह अचानक ढह गया, जिससे वहां से गुजर रहे चार वाहन नदी में गिर गये। उन्होंने बताया कि अब तक 11 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गये हैं और अन्य छह लोगों को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पायी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया, अनुग्रह राशि की घोषणा की

**नयी दिल्ली 09 जुलाई (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने एक पुल के बुधवार को ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### बाइक सवार दो घायल

**जानसठ, 09 जुलाई (बु.)।** पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव कवाल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। मुजफ्फरनगर के मौहल्ला लद्धावाला निवासी अकरम पुत्र मेहरबान अपने साथी रहीम पुत्र इरफान के साथ बुधवार की शाम को बाइक द्वारा मीरापुर जा रहा था। पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव कवाल के पास पीछे से आई अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए। अन्य वाहन सवारों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायलों के स्वजन को सूचना दे दी है। पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### अखण्डानंद आश्रम में चोरी

**खतौली, 9 जुलाई (बु.)।** गंगनहर घाट स्थित श्री अखण्डानन्द आश्रम से बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर ट्रेड-मिल मशीन चोरी ली। मिली जानकारी के अनुसार गंगनहर स्थित श्री अखण्डानन्द आश्रम में विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में योगा सहित व्यायाम अभ्यास प्रतिदिन कार्यकर्ता करते हैं। बीती रात अज्ञात चोर ताला तोड़कर आश्रम में घुस गए तथा आश्रम परिसर से ट्रे-ड मिल मशीन चोरी कर ले गए। प्रातः काल जब पंडित पुष्पेश आश्रम का मुख्य द्वार खोलने पहुंचे तो आश्रम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला तथा आश्रम परिसर से ट्रेड-मिल मशीन गायब थी। वारदात की सूचना पर विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान विहिप पदाधिकारी केशव अग्रवाल, अजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रवीण गुप्ता आदि द्वारा चोरी की घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल कर निकटवर्ती सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी तथा शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

### गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर हादसा, डंपर ने बस को मारी टक्कर, 6 लोग हुए घायल

**गोरखपुर, 09 जुलाई (एजेंसी)।** वाराणसी फोरलेन पर मंगलवार रात बड़ा हादसा सामने आया है। यहां मिट्टी लेकर जा रहे डंपर ने रोडवेज बस को टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार 6 लोग हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। बस में सवार 20 यात्रियों को पुलिस ने दूसरे वाहन से कचहरी बस स्टेशन भेजा। हादसा मेहरौली ढाबा के पास हुआ है। हादसे के समय के समय बस के पीछे की सीट पर बैठे 6 यात्री घायल हो गए। बेलीपार थानेदार विशाल सिंह ने बताया की यात्रियों को मामूली चोट लगी है, सभी को जिला अस्पताल भेजा गया है। डंपर के साथ ही दुर्घटनाग्रस्त हुई रोडवेज की बस को कब्जे में ले लिया गया है।

### कटिहार में बड़ा रेल हादसा टला, बेपटरी हुई उदयपुर-कामाख्या एक्सप्रेस

**कटिहार, 09 जुलाई (एजेंसी)।** बिहार के कटिहार में बुधवार को एक रेल हादसा टल गया, जब डंडखोरा स्टेशन के पास उदयपुर-कामाख्या एक्सप्रेस की पैंट्री कार का एक पहिया पटरी से उतर गया। हादसा के समय ट्रेन नागपुर की ओर जा रही थी। ट्रेन



के पहिए के पटरी से उतरते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन समय रहते ट्रेन को रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रेन के पहिए पटरी से उतरने के बाद काफी दूर तक घिसते रहे, जिससे रेल पटरी को भी नुकसान पहुंचा। इस दौरान ट्रेन की गति नियंत्रित होने के कारण कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। इस तरह से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया। इंजीनियरिंग विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया। पटरी की जांच की जा रही है, ताकि दुर्घटना के कारणों का सही आकलन किया जा सके। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पटरी पहले से क्षतिग्रस्त थी या दुर्घटना के बाद उसमें टूट-फूट हुई।

# निजीकरण के विरोध में उत्तर प्रदेश के बिजलीकर्मी सड़क पर

**लखनऊ 09 जुलाई (वार्ता)** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आ'ान पर आज देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियर्स और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने आज यहां जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में





पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। उन्होने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें। बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे।

# शाहपुर पुलिस की मुठभेड़ में पिता-पुत्र सहित तीन बदमाश हत्थे चढ़े

**▶▶ चोरी का सामान, बाइक एवं अवैध असलाह बरामद**
**▶▶ तीनों बदमाशों को पुलिस ने लंगड़ा किया**

**शाहपुर, 9 जुलाई (बु.)।** थाना पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पिता पुत्र सहित तीन बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किया सामान व नगदी सहित एक बाइक व अवैध असलाह बरामद किया है। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि थाना पुलिस गांव तावली के पास स्थित स्वाति हॉस्पिटल के पास चैकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर तीन लोग उधर से गुजरे तो पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, किंतु वह रुके नहीं और बरवाला जाने वाले मार्ग की ओर मुड़ गए। पुलिस ने उनका पीछा किया, तो बदमाशों ने पुलिस से बचने के इरादे से गन्ने के खेत में घुसने का प्रयास किया। पुलिस को आता देखकर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें बाइक सवार तीनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। सीओ ने बताया कि घायल बदमाशों में अभिषेक व उसका पिता राकेश निवासी फिरोजपुर थाना भोपा के अलावा प्रवेश पुत्र रामपाल निवासी योगेंद्र नगर भोपा है। सीओ ने बताया कि पुलिस ने घायल बदमाशों के कब्जे से गांव बरवाला में एक महिला के कानों से छीने गए कुंडल के अलावा गांव निरमानी में हुई चोरी का सामान व नकदी बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने एक बाइक, तीन तमंचे जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों घायल आरोपी शातिर चोर है और इनके विरुद्ध अन्य थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस घायल आरोपियों के अपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है। इस दौरान थाना प्रभारी जय सिंह भाटी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहा ।



## इंडिगो का विमान चिड़िया से टकराया, पटना हवाई अड्डा पर 'इमरजेंसी लैंडिग'

**पटना, 09 जुलाई (वार्ता)** बिहार में राजधानी पटना के हवाई अड्डे पर आज सुबह 8.45 पर इंडिगो एयरलाइन्स का विमान उड़ान भरते ही एक चिड़िया से टकरा गया और उसकी इमरजेंसी लैंडिग करनी पड़ी।



सूत्रों ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट के उड़ान भरने के बाद पायलट को विमान के थरथराने का एहसास हुआ। जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिग सुरक्षित तरीके से करा दी। इंडिगो एयरलाइंस की विमान संख्या 6ई 5009 ने बुधवार सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर पटना से उड़ान भरी थी। पटना हवाईअड्डे के निदेशक के एम मेहरा ने यहां बताया कि जरूरी प्रक्रियाओं का पालन कर विमान की सुरक्षित लैंडिग कराई गई है। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

### कांवड़ यात्रा के चलते 1217 लोगों को किया मुचलका पाबंद

**मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा के चलते मुजफ्फरनगर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। कांवड़ियों की सुरक्षा मे कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है, जिसके चलते एसएसपी संजय वर्मा के आदेश पर जनपद में असमाजिक तत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए आपराधिक वारदातों, जेबकतरों, चोरी, लूट, गौकशी जैसी घटनाओं में शामिल रहने वाले 1217 लोगों को नोटिस जारी कर अब तक मुचलके पाबंद कर दिए गए हैं। अभी लगातार आपराधिक लोगों के लगातार मुचलके पाबंद होंगे, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान ये लोग किसी घटना को अंजाम ना दे सके। अब इन लोगो को कोर्ट में पेश होकर जमानत लेनी पड़ेगी और मजिस्ट्रेट को ये विश्वास दिलाना पड़ेगा कि ये किसी भी घटना को अंजाम नही देंगे वरना हमें जेल भेज दिया जाये।

# सभासद राजीव शर्मा पालिका को देंगे हर माह 5 हजार

**वार्ड में खुद उठवायेंगे कूड़ा, कंपनी कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

**मुजफ्फरनगर, 09 जुलाई (बु.)।** पालिका में घर-घर कूड़ा कलेक्शन के लिए नई कंपनी की कार्य प्रणाली को लेकर सभासद ने ही पालिकाध्यक्ष से शिकायत की है। उनका कहना है कि जिन शर्तों पर नई कंपनी से अनुबंध किया था, उनका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अपने वार्ड में समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वो खुद वार्ड में कूड़ा कलेक्शन करायेंगे और हर माह पालिका को टिपिंग फीस के रूप में 5 हजार रुपये भुगतान भी करेंगे। उन्होंने चेयरपर्सन से उनके वार्ड से कंपनी की व्यवस्था हटाने का आग्रह करते हुए कहा कि पूरा शहर कूड़ाघर बना हुआ है। उधर, चेयरपर्सन ने सभासद की शिकायत का संज्ञान लेते हुए कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को फटकार लगाते हुए सभासदों से समन्वय बनाकर अनुबंध का पालन करने के निर्देश दिये हैं। नगरपालिका परिषद् ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए नई दिल्ली की जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. के साथ 3 साल के लिए नया अनुबंध है। कंपनी शहर के सभी 55 वार्डों में सेकेंड्री और प्राइमरी प्वाइंट पर कार्य कर रही है।

कूड़ा डलावघर और घर-घर कूड़ा निस्तारण कंपनी की जिम्मेदारी है। वार्ड 25 दक्षिणी कृष्णापुरी से सभासद राजीव शर्मा कंपनी की कार्यप्रणाली से काफी नाराज हैं। उन्होंने बुधवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को पत्र लिखकर कंपनी पर शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं करने के आरोप लगाये हैं। पत्र में कहा कि हर वार्ड में कंपनी ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए दो गारबेज टिपर वाहन लगाने का वादा किया था, लेकिन उनके वार्ड में एक गाड़ी भेजी जा रही है और वो प्रतिदिन




तीन या चार गलियों में होकर चली जाती है, जिससे लोगों में रोष है और इस समस्या के कारण पालिका बोर्ड की छवि भी धूमिल करने का काम कंपनी के लोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वो अपने वार्ड में कंपनी गाड़ी नहीं चाहते, उनको हटवा लिया जाये और वो खुद अपने संसाधन से घर-घर कूड़ा कलेक्शन कराने के साथ हर माह सितम्बर से नगर पालिका को टिपिंग फीस के रूप में पांच हजार रुपये का भुगतान करने को तैयार हैं। वार्ड सभासद की शिकायत पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीतेश चौधरी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि वो अनुबंध शर्तों के अनुसार कार्य करें और वार्ड सभासदों से समन्वय स्थापित करते हुए जनता में सकारात्मक संदेश पहुंचाने का काम करें, लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी।

# राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे: योगी

**आजमगढ़, 9 जुलाई (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्यवाही में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुये कहा '' कल बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है। वह जल्लाद हिंदु बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे। हम धरती मां के स्वास्थ्य की भी रक्षा करेंगे और मां की स्मृतियों को भी जीवंत बनाएंगे।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे के किनारे आजमगढ़ के सठियांव ब्लॉक के केरमा गांव में



हरिशंकरी वाटिका की स्थापना की। आजमगढ़ को 60 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला था।

योगी ने यहां 60 लाख वां पौधा लगाया। उन्होंने इस विराट अभियान का हिस्सा बनने के लिए आजमगढ़ व प्रदेशवासियों का आभार प्रकट किया। योगी ने कहा कि आज अयोध्या समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। प्रात: 7 बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत यूपी के अंदर अब तक 22 करोड़ का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। 22 करोड़ पौधरोपण का मतलब यूपी के हर व्यक्ति के नाम पर लगा पौधा अपनी और धरती मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का माध्यम बना है। धरती हमारी मां और हम उसके पुत्र हैं। धरती केवल जमीन का टुकड़ा नहीं है। दुनिया में केवल भारत में ही धरती के प्रति आत्मीय भाव देखने को मिलता है। ऋषि-मुनियों ने हमें संस्कारों से जोड़ा है। धरती मां स्वस्थ है तो हम सब स्वस्थ हैं। धरती मां बीमार हुई तो जीव सृष्टि के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बन जाएगा। चेतावनी का संकट आ जाएगा। यह धरती मां की सेहत को सुधारने और मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, अतिवृष्टि-अनावृष्टि की समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम लोगों ने 8 वर्ष पहले यह अभियान प्रारंभ किया था। आठ वर्ष में यूपी में 204 करोड़ पौधरोपण हुआ है। यह केवल केंद्र सरकार या देश की महत्वपूर्ण संस्थाएं ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी स्वीकार कर रही हैं कि यूपी में वनाच्छादन बढ़ा है। 2017 के पहले यूपी का वनाच्छादन मात्र नौ फीसदी था, आज यह बढ़कर 10 फीसदी हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उक्त अवधि से पहले के 15 वर्षों में यूपी के अंदर वन, खनन, पेशेवर माफिया के द्वारा व्यापक वन कटान और अवैध खनन से अराजकता, अव्यवस्था फैलाई गई थी। तब विकास नहीं होता था, बल्कि वनाच्छादन कम होता जा रहा था। आज आप सभी हीटवेव में ग्रीनवेव में बदलने के अभियान का हिस्सा बन रहे हैं।

# एसजीएसटी की विशेष जांच शाखा द्वारा बोगस कम्पनियों, ट्रेडिंग लाइसेंस के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर, 9 जुलाई (बु.)।** एसजीएसटी की विशेष जांच शाखा एसआईबी ने बोगस कम्पनियों, ट्रेडिंग लाइसेंस के विरुद्ध कार्यवाही का चाबुक चलाया गया है। खालापार क्षेत्र के एक युवक ने बोगस कम्पनी बनाकर 6 करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी क्लेम एवं जीएसटी चोरी का खेल किया है। इस मामले में सभी बिल एवं ट्रेडिंग कार्य फर्जी निकला है, इसी के चलते राज्य वस्तु एवं सेवाकर (एसजीएसटी) के राज्य कर अधिकारी कविन्द्र सिंह ने सदर तहसील के गांव वाजिदपुर खुर्द निवासी युवक आशीष सैनी एवं मनीष सैनी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया है और जानकारी देते हुए बताया कि युवक ने वर्ष 2024 में शिवा ट्रेडिंग कम्पनी के लिए जीएसटी पंजीकरण लिया था और गोदाम एवं कम्पनी का काम अजमतनगर थाना खालापार में एक किराये के मकान पर दिखाया गया, जिसमें पंजीकरण के दौरान नगर पालिका की टैक्स रसीद व किरायानामा भी लगाया गया था। पंजीकरण के बाद 13 जनवरी को टीम ने कम्पनी की सत्यता की जांच की तो कम्पनी को मौके पर अस्तित्व में नहीं पाया गया, जिसके बाद अन्य रिकार्ड खंगाले गए। गहन जांच के बाद पता चला कि जिन फर्मों, कम्पनियों से खरीद दिखाई गयी हैं, वह भी जांच में निरस्त एवं संदिग्धता के कारण निलम्बित निकली। आरोपित ने मधु एन्टरप्राइजेज, सिंह ट्रेडर्स, एजे मैन पावर सर्विस, बालाजी एन्टरप्राइजेज, सपना ट्रेडर्स, पीके एन्टरप्राइजेज, कुमार सर्विस से करोड़ों रुपये की खरीदारी दिखाई है, जबकि इनमें से एक भी फर्म की मौके पर किसी भी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं मिली। किसी भी फर्म का लेखा-जोखा एवं स्टॉक रजिस्टर नहीं मिल सका है। अवैध रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्लेमड इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) 6.79 करोड़ रुपये किया गया। आइटीसी को अपनी बोगस आउटवर्ड सप्लाई के सापेक्ष समायोजित कर उसके पासआन किया गया। कुल मिलाकर राज्य कर अधिकारी द्वारा मामले की जांच के बाद आरोपितों के खिलाफ खालापार थाने में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बोगस कम्पनी बनाकर राजस्व हानि पहुंचाने का अभियोग दर्ज कराया गया।

# मीरापुर पुलिस के साथ मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गुड्डू हरियाणा घायल

**मीरापुर, 9 जुलाई (बु.)।** बुधवार की अलसुबह करीब चार बजे मीरापुर पुलिस की सम्भलहेड़ा गंगनहर पटरी पर एक कार सवार बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से हरियाणा का 25 हजार का इनामी बदमाश घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान कार में सवार होकर भागने का प्रयास कर रहे घायल बदमाश के तीन साथी बदमाशों को भी पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया।

बुधवार की अल सुबह मीरापुर पुलिस सम्भलहेड़ा गंगनहर पटरी पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध कार आती दिखाई दी, जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया, किन्तु कार सवार संदिग्धों ने पुलिस के समीप आते ही फायर झोंक दिया, गोली लगने से पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, जिस पर पुलिस ने कार की घेराबंदी की, तो एक बदमाश फायरिंग करता हुआ कूदकर जंगल की तरफ भागने लगा, पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो पुलिस की एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी और वह नीचे गिर गया। पुलिस पूछताछ में घायल बदमाश हरियाणा के हिसार की जगदीश कॉलोनी निवासी 25 हजार का इनामी बिट्टू पुत्र रमेश निकला। पुलिस घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा दो जिंदा व एक खोका कारतूस मिले, वहीं पुलिस ने पीछा कर कार में सवार होकर भाग रहे घायल बदमाश के साथी विक्रम





पुत्र रामनिवास, विकास पुत्र सतबीर सिंह निवासी ग्राम पाली, थाना नारनौन, हिसार हरियाणा व रोहित पुत्र रमेश निवासी जगदीश कॉलोनी, हिसार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनके कब्जे से तीन चाकू व सफेद रंग की बलेनो कार मिली है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि घायल बदमाश बिट्टू ने एक वर्ष पूर्व मीरापुर क्षेत्र में एटीएम मशीन में चोरी की घटना को अंजाम दिया था तथा तभी से वांछित चल रहा था, कुछ दिन पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बिट्टू पर 25 हजार का ईनाम घोषित किया था।

### 22 अफसर पीसीएस से बने आईएएस

**लखनऊ, 09 जुलाई (एजेंसी)।** सरकार में जिम्मेदार अधिकारियों को नई-नई जिम्मेदारी सौंपी जा रही हैं। अधिकारियों को समय रहते पदोन्नति का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में पीसीएस अधिकारियों से जुड़ी बड़ी खबर आ रही है। 22 पीसीएस अधिकारियों को आईएएस काडर में पदोन्नति दे दी गई, जिन अधिकारियों को पदोन्नति मिली है, उसमें पीसीएस अधिकारी दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार गौड़, अंजू लता और वंदिता श्रीवास्तव का नाम शामिल है। इसके साथ ही मंडी परिषद के संयुक्त निदेशक सचिन कुमार सिंह और यूपी लोकसेवा आयोग प्रयागराज के उपसचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव को भी पदोन्नति मिल गई है। पीसीएस अधिकारी व सहारनपुर मंडल के अपर आयुक्त भानु प्रताप यादव, विधान जायसवाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह, सिद्धार्थनगर के मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह और शैलेन्द्र कुमार भाटिया को आईएएस काडर में पदोन्नति दे दी गई है। इसी तरह यूपी लोकसेवा आयोग के उपसचिव देवी प्रसाद पाल, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सचिव अंजू लता, जय नाथ यादव, मुरादाबाद अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, राम सुरेश वर्मा, रण विजय सिंह, दयानंद प्रसाद और विनोद कुमार गौड़ को भी पदोन्नति मिल गई है। इसके अलावा हाथरस के अपर डीएम बसंत अग्रवाल, वाराणसी के अपर डीएम वंदिता श्रीवास्तव, अयोध्या के अपर डीएम महेंद्र कुमार सिंह को भी आईएएस काडर में पदोन्नति मिली है। साथ ही बिजनौर के अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, गौतमबुद्ध नगर के अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति राजेश कुमार, मंडी परिषद के उपनिदेशक योगेंद्र कुमार और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय की अपर निदेशक नीलम को पदोन्नति दे दी गई है।

# मीरापुर में खूंखार आवारा कुत्तों का आतंक जारी, फिर दो लोगों को काटा

**▶▶ नगर पंचायत ने आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू किया**
**▶▶ आवारा कुत्तों को पकड़ने के दौरान कुत्तों ने सफाईकर्मी को बुरी तरह फाड़ा**

**मीरापुर, 9 जुलाई (बु.)।** मीरापुर कस्बे में खूंखार आवारा कुत्तों का आतंक लगातार जारी है। बुधवार को आवारा कुत्तों ने एक मीटर रीडर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। नगर पंचायत ने आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया। इस दौरान खूंखार कुत्तों को पकड़ रहे एक सफाईकर्मी को भी आवारा कुत्तों ने हमलाकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। मीरापुर क्षेत्र में आवारा खूंखार कुत्तों का आतंक जारी है। पिछले एक माह में दर्जनों लोगों को अपना शिकार बना चुके आवारा कुत्तों ने चार दिन पूर्व विद्युत लाइनमैन नाजिम पर हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया था, जिसे चिंताजनक हालत में चिकित्सकों ने दिल्ली रैफर कर दिया था, जिसके बाद नागरिकों में नगर पंचायत के विरुद्ध भारी आक्रोश फैल गया था, जिसके बाद बुधवार को नगर पंचायत की टीम ने आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया तथा कस्बे के लाड़ो वाला कुंआ क्षेत्र से टीम ने दो आवारा कुत्तों को पकड़ा, किन्तु आवारा कुत्तों ने इस दौरान भी कुत्तों को पकड़ने वाली टीम में शामिल संजय नाम के सफाईकर्मी पर हमला बोल दिया तथा उसे बुरी तरह फाड़ दिया। टीम में शामिल अन्य कर्मचारियों ने बामुश्किल उसे बचाया, वहीं





दूसरी तरफ इससे पूर्व नगर पंचायत की पानी की टंकी के समीप कस्बे में मीटर की रीडिंग लेने जा रहे मीटर रीडर आशू को भी आवारा कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया, जिसके बाद मौके पर आए अन्य विद्युतकर्मी उसे उपचार के लिए जानसठ ले गए।

*.....इन्होंने कहा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू हो चुका है। आज भी कुछ कुत्ते पकड़े गए हैं। जल्द ही कस्बे से आवारा कुत्तों का आतंक समाप्त हो जायेगा*
*-जमील अहमद चेयरमैन मीरापुर*

# भारत और ब्राजील ने तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये

**ब्रासीलिया/नयी दिल्ली 09 जुलाई (वार्ता)** भारत और ब्राजील ने हर क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने और दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संपर्क तथा व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तीन समझौतों और कई अन्य समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं। ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा के साथ मंगलवार देर रात यहां हुई द्विपक्षीय बैठक तथा प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों के अधिकारियों ने श्री मोदी और श्री लूला की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर समझौते,वर्गीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक संरक्षण समझौते और नागरिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर समझौते पर हस्ताक्षर किये।

इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, ब्राजील के कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बीच कृषि अनुसंधान पर समझौता ज्ञापन, डिजिटल परिवर्तन के लिए सफल बड़े पैमाने पर डिजिटल समाधानों के साझाकरण हेतु सहयोग पर समझौता ज्ञापन, बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये गये। दोनों नेताओं ने अपने-अपने देशों के संबंधित सरकारी निकायों को कुछ अन्य द्विपक्षीय समझौतों को यथाशीघ्र संपन्न करने के उद्देश्य से सहयोग करने का भी निर्देश दिया। इनमें रक्षा उद्योग सहयोग पर समझौता ज्ञापन, खेल क्षेत्र में सहयोग पर समझौता



ज्ञापन, अभिलेखीय सहयोग पर समझौता ज्ञापन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) 2025-2029 शामिल हैं। दोनों देशों ने अपनी विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों शांति, समृद्धि और सतत विकास के उच्च उद्देश्यों को याद करते हुए बहुलवादी पहचान वाले दो जीवंत लोकतंत्रों के बीच बढ़ते सहयोग के एजेंडे पर सहमति व्यक्त की। यह एजेंडा सभी के लिए अधिक न्यायसंगत, अधिक समावेशी और अधिक टिकाऊ विश्व के सह-निर्माता के रूप में अंतरराष्ट्रीय मामलों में दोनों देशों की विशिष्ट भूमिका के अनुरूप है। ब्राजील में सार्थक यात्रा संपन्न होने के बाद श्री मोदी पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया के लिए रवाना हो गये। प्रधानमंत्री की नामीबिया यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। इसमें शिक्षा, रक्षा, व्यापार, वन्यजीव संरक्षण और यूरेनियम सहयोग पर मुख्य ध्यान दिया जाएगा। नामीबिया से पहले प्रधानमंत्री चार देशों घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना और ब्राजील की यात्रा कर चुके हैं।

# गहरे समुद्र में बचाव अभियान चलाने में सक्षम युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नयी दिल्ली 09 जुलाई (वार्ता)** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने मंगलवार को विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा। इस युद्धपोत को भारतीय नौवहन के अनुसार डिज़ाइन और निर्मित किया गया है और यह गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है। इसके साथ ही भारतीय नौसेना यह क्षमता हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा नौसेनाओं में शामिल हो गयी है। इस युद्धपोत का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष है। निस्तार 118 मीटर लंबा है और लगभग दस हजार टन भार वाले इस युद्धपोत में अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरण लगे हैं। यह 300 मीटर की गहराई तक गहरे समुद्र में गोताखोरी अभियान चलाने में सक्षम है। युद्धपोत में 75 मीटर की गहराई तक



गोताखोरी करने के लिए एक साइड डाइविंग स्टेज भी है। यह युद्धपोत गहरे जल बचाव पोत (डीएसआरवी) के लिए 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा जिससे कि पानी के नीचे किसी पनडुब्बी में आपात स्थिति में कर्मचारियों को बचाया और निकाला जा सके। यह पोत एक हजार मीटर की गहराई तक गोताखोर निगरानी और बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए दूर से संचालित वाहनों के संयोजन से सुसज्जित है। युद्धपोत में लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।